मोदी ने देश को महाशक्ति के रूप में प्रस्तुत किया

हिन्दुस्तान टीम, भागलपुर

Last updated: 11 जून, 2017 8:43 PM

सैंडिस कंपाउंड में आयोजित मोदी फेस्ट के दूसरे दिन रविवार को आए अतिथि मुजफ्फरपुर के सांसद अजय निषाद ने केन्द्र सरकार की कई उपलब्धियां गिनायी। उन्होंने कहा कि तीन साल में मोदी सरकार ने देश के अंदर जनता की समस्या को दूर करने का काम किया तो सैन्य शक्तियों को बढ़ाकर देश को एक महाशक्ति के रूप में प्रस्तुत किया। केंद्र सरकार ने दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है। सांसद ने कहा कि मां-बहनों की समस्या को देखते हुए सरकार ने लगभग दो करोड़ घर तक गैस कनेक्शन पहुंचाया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का अनोखा स्वरूप देश में प्रस्तुत किया गया। तमाम योजनाओं को पारदर्शी तरीके से चलाते हुए सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद और संबंध बनाए रखने की भी कोशिश हुई। मोदी फेस्ट इसी कड़ी का एक हिस्सा है। विधान पार्षद डॉ. एनके यादव, जिलाध्यक्ष रोहित पाण्डेय, जिला महामंत्री मुकेश कुमार सिंह आदि ने भी सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को बताया।